Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide toilets in all the trains running on Hathras-Aligarh-Delhi rail route.

श्री राजेश कुमार दिवाकर (हाथरस) :महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपका धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।…(व्यवधान)

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान एच.ए.डी. गाड़ी (हाथरस-अलीगढ़-दिल्ली) की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला हाथरस से दिल्ली के लिए प्रतिदिन एकमात्र यही रेलगाड़ी चलती है। इस रेलगाड़ी में शौचालय युक्त डिब्बे न होने के कारण बुजुर्ग और महिला यात्रियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।   …(व्यवधान)

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूँगा कि इस पैसेंजर गाड़ी के लिए जल्द से जल्द शौचालय युक्त डिब्बों की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें ताकि आने-जाने वाले यात्रियों को शौचालय की समुचित व्यवस्था मिल सके।…(व्यवधान)

महोदया, इसके साथ-साथ मैं आपका ध्यान इस तरफ दिलाना चाहूँगा कि हमारे हाथरस के काका हाथरसी विश्व प्रसिद्ध कवि रहे हैं। मैं सरकार से माँग करता हूँ कि हाथरस जंक्शन का नाम काका हाथरसी के नाम पर रखा जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

डॉ. कुलमणि सामल को श्री राजेश कुमार दिवाकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Mohammad Salim – Not present.